भारत सरकार
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2634
बुधवार, दिनांक 11 दिसम्बर, 2024 को उत्तर दिए जाने हेतु

नवीकरणीय ऊर्जा लक्ष्य

2634. डॉ. मोहम्मद जावेदः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आज तक भारत की नवीकरणीय ऊर्जा की कुल क्षमता कितनी है, जिसमें स्थापित क्षमता और सौर, पवन तथा अन्य नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का विभाजन शामिल है;

(ख) नवीकरणीय ऊर्जा के 175 गीगावाट के अंतरिम लक्ष्य को प्राप्त करने में देरी के क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार की वर्ष 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता लक्ष्य तक पहुंचने के लिए ठोस योजना का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री
(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) से (ग): कॉप-26 में माननीय प्रधानमंत्री की घोषणा के अनुरूप, सरकार वर्ष 2030 तक गैर-जीवाश्म स्रोतों से 500 गीगावाट स्थापित विद्युत क्षमता प्राप्त करने की दिशा में कार्य कर रही है। दिनांक 31.10.2024 की स्थिति के अनुसार, देश में कुल 211.40 गीगावाट गैर-जीवाश्म विद्युत क्षमता स्थापित की गई है, जिसमें 92.12 गीगावाट सौर विद्युत, 47.72 गीगावाट पवन विद्युत, 11.33 गीगावाट जैव विद्युत, 52.05 गीगावाट जल विद्युत और 8.18 गीगावाट परमाणु विद्युत शामिल है। साथ ही, 154.90 गीगावाट क्षमता की परियोजनाएं कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं और 96.69 गीगावाट निविदा प्रक्रिया में है।

*****